सी सी आई
CCi

आज़ादी का अमृत महोत्सव

सीमेन्ट कॉरपोरेशन ऑफ इंडिया लिमिटेड
(भारत सरकार का उद्यम)
**Cement Corporation of India Limited**
**(A Government of India Enterprise)**

**संजय बांगा**
**अध्यक्ष एवं प्रबंध निदेशक**

**Sanjay Banga**
**Chairman & Managing Director**

दिनांक : 01.01.2023

प्रिय सहकर्मियो,

मैं आपको और आपके परिबार को वर्ष 2023 के आगमन के अवसर पर सुख, सफलता और समृद्धि के लिए अपनी शुभकामनाएं देते हुए अत्यंत हर्षित हूँ ।

वित्तीय वर्ष 2021-22 में, सी सी आई ने कई नए मुकाम हासिल किए हैं जो कुछ पिछले वर्षो की तुलना में अत्यंत सराहनीय है। वित्तीय वर्ष 2021-22 में हमने रु.40.2 करोड़ का लाभ (PAT) अर्जित किया है। यह आप सभी के समर्पण और दृढ़ संकल्प से ही संभव हो पाया है। यहाँ यह भी बताना उचित होगा कि साल 2022 में काफी लम्बे समय से बंद पड़ी दो इकाइयों से परिसंपत्ति मुद्रीकरण के द्वारा नए स्रोत के रूप में पूंजी अर्जित की, इस वर्ष भी मैं यह अपेक्षा करता हूँ कि अन्य बंद पड़ी इकाइयों द्वारा भी अतिरिक्त पूंजी अर्जित कर सी सी आई नई ऊचाइयों को प्राप्त करेगी।

अब सी सी आई की पूरी टीम को निगम को निरंतर लाभप्रदता की स्थिति में बनाए रखने हेतु और सुदृढ़ बनाने हेतु निरंतर प्रयास करने की आवश्यकता है । सीमेंट उत्पादन के क्षेत्र में अपना उचित स्थान बनाने की दिशा में हम सभी को उच्चतम मापदंड स्थापित करते हुए निरंतर कार्य करने की अवश्यकता है । यह निश्चित रूप से बहुत ही कठिन कार्य है, लेकिन हमारे वर्तमान प्रदर्शन के आधार पर मुझे पूर्ण विश्वास है कि हम एक अनुशासित, जीवंत और उत्तरदायी संगठन के रूप में निरंतर बेहतर प्रदर्शन करना जारी रखेंगे और अपना लक्ष्य अवश्य प्राप्त करेंगे । आपका यह प्रयास हमारे कर्मचारियों के उज्जवल भविष्य पथ को भी निर्धारित करेगा।

मैं मानता हूँ कि उत्कृष्टता प्राप्त करने की हमारी क्षमता हमारे ग्राहकों की आवश्यकताओं को प्रतिस्पर्धात्मक रूप से पूरा करना है। यह हमारे कर्मचारियों की अखंडता, ज्ञान, कल्पना, कौशल, विविधता और टीम वर्क पर निर्भर करता है और व्यक्तिगत तौर पर भी मैं इन गुणों को सबसे अधिक महत्व देता हूँ । हमें एक पेशेवर और उत्पादक कार्य संस्कृति को अपनाकर उत्कृष्टता प्रदान करने की प्रक्रिया को जारी रखना चाहिए जो कि भविष्य में सी सी आई के लिए सफलता की कुंजी होगी।

सी सी आई में हम नैतिकता और अखंडता के उच्चतम मानकों के लिए प्रतिबद्ध हैं, साथ ही साथ हम अपने उन ग्राहकों के प्रति जवाबदेह हैं जिनकी हम सेवा करते हैं, एवं उनकी संतुष्टि ही हमारा परम ध्येय है ।

पिछले वर्षो में हमने खेल, टीम निर्माण, विभिन्न कार्यक्रमों के द्वारा एक उत्कृष्ट वातावरण को बनाने का प्रयास किया है और नव वर्ष में भी नए मानकों को स्थापित कर, इसे और बेहतर बनाने का प्रयास करेंगे ।

आइए हम सब सी सी आई की नई ऊंचाइयों को प्राप्त करने के लिए खुद को फिर से समर्पित करने का संकल्प लें और देश में उत्कृष्ट श्रेणी के सीमेंट उत्पादन के विकास के लिए काम करने के लिए प्रतिबद्ध बनें। मेरा दृढ़ विश्वास है कि हम नए युग की चुनौतियों का जवाब देने और अपने सभी हितधारकों को बेहतर सेवाएँ प्रदान करने के लिए कटिबद्ध है।

पुनः एक बार, मैं आपको और आपके परिवारों को 2023 में सफलता, अच्छे स्वास्थ्य, सुख और समृद्धि के लिए शुभकामनाएं देता हूँ।

नववर्ष की हार्दिक शुभकामनाएं।

संजय बांगा

(संजय बांगा)

हिंदी में पत्राचार का स्वागत है।
पंजीकृत एवं मुख्य कार्यालय : कोर 5, स्कोप कॉम्प्लैक्स, 7 लोधी रोड, नई दिल्ली 110003
Registered & Head Office : Core-5, SCOPE Complex, 7 Lodhi Road, New Delhi 110003
फोन / Tel. : 011-24360104, E-mail: cmd@cciltd.in, Website: www.cciltd.in
CIN-U74899DL1965GOI004322